RASHTRIYA SWAROOP, LUCKNOW
Wednesday, November 10, 2010

तकनीकी प्रश्नोत्तरी टीसीएस इट विज के लखनऊ संस्करण के लिए मुकाबला १६ नवम्बर को

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने भारत के स्कूलों की सबसे बड़ी तकनीकी प्रश्नोत्तरी टीसीएस इट विज के उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड क्षेत्रीय संस्करण का आयोजन मंगलवार १६ नवम्बर को संत गाडगे प्रेक्षागृह, संगीत नाटक अकादमी, गोमती नगर में किया है।

इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम में २००,००० से अधिक छात्रों की भागीदारी की उम्मीद है। क्षेत्रीय दौर के उपरान्त दिसम्बर २०१० में नेशनल फाइनल का आयोजन किया जाएगा। जहां १२ क्षेत्रीय दौर से विजेता टीमें टीसीएस आईटी विज राष्ट्रीय चैम्पियन खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

यह जानकारी आज हेड टीसीएस लखनऊ आपरेशन, जयन्त कृष्ण ने एक प्रेसवार्ता में पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि टीसीएस आईटी विज स्कूल में कक्षा आठ से कक्षा १२ में पढ़ रहे छात्रों के लिए खुला है। कोई प्रवेश शुल्क नहीं है। प्रत्येक संसाि की अनेक टीमें प्रतियोगिता में भाग ले सकती हैं। प्रविष्टियों के लिए सम्बन्धितत संसािओं के माध्यम से १२ नवम्बर या इससे पहले संकल्प शर्मा, टीसीएस आईटी विज समन्वयक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, अवध पार्क, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ को भेजना होगा। स्कूलों द्वारा इस बार ऑन लाइन रजिस्टर किया जा सकता है।

श्री कृष्णा ने बताया कि विख्यात क्विज मास्टर गिरी बालासुब्रहमण्यम उर्फ पिकब्रेन प्रश्पोत्तरी का संचालन करेंगे। अतुल कुमार गुपता आईएएस, मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे तथा डा. कृपा शंकर, कुलपति, उत्तर प्रदा तकनीकी विश्वविद्यालय सम्मानित अतिथि होंगे।

श्री कृष्णा ने बताया कि २००९ में टीसीएस आईटी विज कोलकाता और बंगलौर के बाद यह शहर देश में तीसरे स्थान पर था। उन्होंने बताया कि २०१० टीसीएस आईटी विज के क्षेत्रीय विजेंताओं को लैपटाप से एवं दूसरे सीन के विजेताओं को नेटबुक्स से पुरस्कृत किया जायेगा। छह फाइनलिस्ट भी बैक पैक्स, एमपी ३ प्लेयर, हैड फोन, टी शर्ट आदि से सम्मानित होंगे। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में लखनऊ के आठ से १२ कक्षा तक के एक हजार छात्र भाग लेंगे। प्रत्येक विद्यालय के दो-दो विद्यार्थी होंगे।